# छत्तीसगढ़ शासन

# विमानन विभाग

(आलोच्य अवधि में प्रभार)

2016—2017

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | माननीय डॉ. रमन सिंह |
| संसदीय सचिव | माननीय श्री मोतीराम चंद्रवंशी |
| संयुक्त सचिव, विमानन | श्री रजत कुमार (भा.प्र.से)<br>दिनांक 04.02.2015 से निरंतर |
| संचालक, विमानन | श्री रजत कुमार (भा.प्र.से)<br>दिनांक 07.10.2014 से निरंतर..... |

# विमानन विभाग

## वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन वर्ष 2016–17

**सामान्यः–**

**अ.** ''विमानन'' भारतीय संविधान की संघ सूची का विषय है। परन्तु राज्य शासन के पास स्वयं के विमान/हेलीकॉप्टर होने के कारण इनके उड़ान का संचालन व नियमन करने तथा प्रदेश में हवाई यातायात सुविधा के अधोसंरचना विकास हेतु इस विभाग का गठन हुआ है। एक विमानन संस्था के रूप में विभाग द्वारा उड़ान परिचालन तथा शासकीय विमान/हेलीकॉप्टर का संचालन व संधारण कार्य महानिदेशालय नागर विमानन द्वारा निर्धारित मापदण्डों व नियमानुसार किया जाता है। विभाग के मुख्य कार्य इस प्रकार है :–

(1) शासकीय कार्य हेतु अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए शासकीय विमान/हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराना ।

(2) महानिदेशालय नागर विमानन नई दिल्ली, के मापदण्ड अनुसार शासकीय विमान तथा हेलीकॉप्टर के अनुरक्षण एवं परिचालन की व्यवस्था ।

(3) केन्द्रीय उड्डयन नीति अन्तर्गत प्रदेश में वायु यातायात सेवाओं का विकास।

(4) विमानन आधारभूत संरचना विकास के लिए राज्य के संसाधनों से नवीन हवाई पट्टी का निर्माण एवं पूर्व से स्थित हवाई पट्टियों के अनुरक्षण तथा उन्नयन संबंधी कार्य ।

(5) राज्य के समस्त जिलों के प्रमुख स्थलों में पक्के हेलीपेड निर्माण कार्य व अनुरक्षण।

(6) राज्य पुलिस, सेना व सी.आर.पी.एफ हेतु संचालित होने वाले उड़ान हेतु ए.टी.एफ. फ्यूल की व्यवस्था करना।

**ब.** विमानन संचालनालय अंतर्गत 02 कार्यालय, पुलिस ग्राउण्ड रायपुर में शासकीय हैंगर (हेलीकॉप्टर) एवं माना एयरपोर्ट, रायपुर में शासकीय हैंगर (विमान) अवस्थित हैं। राज्य शासन के द्वारा विमानन विभाग के योजना क्रियान्वयन, प्रशासकीय कार्य संपादन तथा शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर के संधारण व परिचालन के लिए संचालनालय विमानन का सेटअप स्वीकृत किया गया है । विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट–अ** में संलग्न है।

**भाग–1**

## (क) शासकीय विमान :–

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2006–07 में शासकीय विमान, **किंग एयर बी–200, व्ही.टी.–सी.टी.जी.** का क्रय मेसर्स रेथेयोन एयरक्राफ्ट कंपनी, अमेरिका से राशि □ 23.88 करोड़ में किया गया है। यह विमान दिसंबर 2006 से राज्य के विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासकीय कार्य हेतु उपलब्ध है । विमान द्वारा 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक 259.00 घण्टे की उड़ान तथा अब तक कुल 2848.25 घण्टे की उड़ान पूरी की गयी है। विमान में 02 पायलट के अलावा 09 यात्रियों के बैठने हेतु सीटें उपलब्ध हैं। विमान का संधारण कार्य विभागीय अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट माना, रायपुर स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है।

## (ख) शासकीय हेलीकॉप्टर :–

वर्ष 2007 में शासकीय हेलीकाप्टर **अगुस्ता ए 109 पावर, व्ही.टी.–सी.एच.जी.,** इटली की कम्पनी अगुस्ता वेस्टलैंड से राशि □ 25.96 करोड़ में क्रय किया गया है। यह दिसंबर 2007 से उड़ान हेतु उपलब्ध है। इस हेलीकॉप्टर की बैठक क्षमता 2+5 है । हेलीकॉप्टर द्वारा 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक 224:40 घंटे एवं कुल 2218:70 घंटे की उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई है । अतिविशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासकीय कार्यों में इसका उपयोग किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर का परिचालन शासन द्वारा नियुक्त पायलटों द्वारा एवं संधारण का कार्य विभागीय अभियंताओं द्वारा रायपुर पुलिस लाईन स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है।



**शासकीय विमान B–200**




**शासकीय हेलीकॉप्टर A–109**

## (ग) राज्य में स्थित हवाई पट्टियाँ :—

छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर के अलावा नौ हवाई पट्टियाँ अम्बिकापुर (दरिमा), बिलासपुर (चकरभाठा), भिलाई (नंदिनी), जगदलपुर, जशपुरनगर (आगाडीह), रायगढ़ (कोड़ातराई), कोरबा, बलरामपुर एवं रायगढ़ (जिंदल) में स्थित है । हवाई पट्टियों की विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट ''ब''** में संलग्न है ।

## (घ) राज्य में स्थित हेलीपेड की जानकारी :—

छत्तीसगढ़ राज्य में दूरस्थ क्षेत्रों में उड़ान संभव बनाने पक्के हेलीपेड निर्माण योजना के तहत् विभाग द्वारा हेलीकॉप्टर लैडिंग सुविधा विकसित करने राज्य के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर पर पक्के हेलीपेड का निर्माण किया गया है। योजना अंतर्गत वर्ष 2010—11 में **65** एवं 2011—12 में **09** ब्लॉक में हेलीपेड का निर्माण किया गया । वर्तमान में कुल 83 हेलीपेड की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत 71 हेलीपेड का निर्माण कार्यपूर्ण हो चुका है तथा 12 हेलीपेड का निर्माण कार्य अपूर्ण है । विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट ''स''** में है।

## (ङ) शासन का स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन :—

स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट के नज़दीक राज्य शासन के नवीन स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है । शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर का उड़ान संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य प्रारम्भ करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु एक्सरे बैगेज़ स्कैनर, हैण्ड हैल्ड मेटल डिटेक्टर एवं डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर क्रय किया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमानुसार ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों की व्यवस्था करने तथा लायसेंसिंग उपरांत हैंगर से उड़ान संचालन प्रारम्भ हो जाएगा।




**स्टेट हैंगर, (विमान) माना, रायपुर**



**स्टेट हैंगर, (हेलीकॉप्टर) पुलिस लाईन रायपुर**

## (च) <u>फ्यूल बाऊजर</u> :–

नक्सली समस्या के निदान हेतु एयरफोर्स व BSF के उड़ान एवं राज्य पुलिस के संयुक्त मूव्हमेंट में प्रयुक्त हेलीकॉप्टरों में फ्यूल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा 07 नग फ्यूल बाऊजर एवं 01 नग आयल टेंकर क्रय किया जाकर कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, बीजापुर व अम्बिकापुर में बाऊजर स्थापित किये गये है तथा बाऊजर संचालन व रख–रखाव हेतु पुलिस विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन के उपयोग हेतु 02 नग फ्यूल बाऊजर क्रय कर रायपुर में रखा गया है । जिससे हवाई उड़ान हेतु दूरस्थ स्थानों में फ्यूल उपलब्धता आसान हो गई है ।



**शासकीय ATF फ्यूल बाऊज़र**



**पुलिस लाईन, रायपुर स्थित बाऊज़र शेड**

## <u>भाग – 2</u>

## (1) <u>राज्य के हवाई पट्‌टी का विस्तार एवं उन्नयन योजना</u> :–

छत्तीसगढ़ राज्य में नौ हवाई पट्टियाँ स्थित हैं जिसमें से सातः हवाई पट्टी अम्बिकापुर (दरिमा), बिलासपुर (चकरभाठा), भिलाई (नंदिनी), जगदलपुर, जशपुरनगर (आगाडीह), रायगढ़ (कोड़ातराई), बलरामपुर राज्य शासन के स्वामित्व में एवं दो हवाई पट्टी कोरबा, एवं रायगढ़ (जिंदल) निजी स्वामित्व में हैं ।

छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन हवाई पट्टी निर्माण एवं उन्नयन योजना के तहत् वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 में राज्य शासन द्वारा बलरामपुर में नवीन हवाई पट्टी निर्माण हेतु, राशि ₹ 1362.32 लाख तथा पूर्व से निर्मित हवाई पट्टियॉ अम्बिकापुर, (दरिमा ) एवं जशपुरनगर (आगाडीह) के उन्नयन कार्य हेतु क्रमशः राशि ₹ 1407.72 लाख) एवं 885.69 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 में  बीजापुर तथा दंतेवाड़ा में नवीन हवाई पट्टी निर्माण हेतु क्रमशः  45.74 करोड़ तथा  28.07 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है ।

अंबिकापुर (दरिमा) एवं बलरामपुर हवाई पट्टी का उन्नयन कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यहां टेस्ट फ्लाईट के उपरान्त शासकीय विमान की लैंडिंग भी की जा रही है ।




**अम्बिकापुर (दरिमा) हवाई पट्टी**



**बलरामपुर हवाई पट्टी**

## (2). स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में तैयार करने की पहल :–

### रनवे विस्तार कार्य –

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा व राज्य शासन के प्रस्ताव पर रायपुर एयरपोर्ट का नाम स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रखा है । स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने एवं भविष्य की उड़ान सम्भावनाओं के मद्देनज़र विस्तार की कार्य योजना तैयार किया गया  है । इस हेतु राज्य शासन द्वारा लगभग 400 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उपलब्ध करायी गई है । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा रनवे विस्तार कार्य किया जा रहा है ।

### कार्गो टर्मिनल प्रारंभ –

रायपुर एयरपोर्ट में कारगो टर्मिनल बनाये जाने से यहाँ के उद्योगों को लाभ की संभावना को देखते हुए अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को कारगो टर्मिनल बनाये जाने के संबंध में अनुरोध किया गया था। एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन से कार्गो सेवा प्रारंभ हो गया है।

## कस्टम सुविधा विकसित करने का लक्ष्य –

छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु एक अशासकीय संकल्प पारित किया गया है। राज्य शासन ने भारत सरकार नागर विमानन, मंत्रालय से रायपुर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है । जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है । इस दिशा में शासन द्वारा पहल करते हुए प्रथम चरण में स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को कस्टम एयरपोर्ट बनाने प्रयास किया जा रहा है।

## (3). जगदलपुर हवाई पट्टी को 2C केटेगरी के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का लक्ष्य

जगदलपुर हवाई पट्टी को 2–C VFR केटेगरी में विकसित करने हेतु राज्य शासन, केन्द्रीय गृह मंत्रालय, नई दिल्ली एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य नवम्बर, 2015 में संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई जिसमें लिए गए निर्णयानुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की निरीक्षण टीम द्वारा जगदलपुर एयरपोर्ट का दौरा किया गया । निरीक्षणोपरान्त भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम ने अपना मत व्यक्त किया कि आधारभूत सुविधाओं के विकास द्वारा जगदलपुर एयरपोर्ट को 2–C VFR केटेगरी में विकसित किया जा सकता है । एयरपोर्ट निर्माण हेतु जिला निर्माण समिति, जगदलपुर को ज़िम्मेदारी सौंपी गयी है। एयरपोर्ट निर्माण हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मानक अनुसार समस्त ड्राईंग–डिजाईन एवं ले–आउट तैयार किया गया है। वर्तमान में जगदलपुर के सिविल एयरपोर्ट विकास हेतु निर्माण कार्य जारी है। वर्ष 2016–17 के बजट में जगदलपुर एयरपोर्ट निर्माण हेतु राशि ₹ 23.00 करोड़ का प्रावधान राज्य खनिज विकास निधि से किया गया है।

## जगदलपुर हवाई पट्टी पर नाईट लैंडिंग सुविधा :–

एन्टी नक्सल मूव्हमेन्ट अन्तर्गत जगदलपुर हवाई पट्टी से रात्रि में विमान उड़ान की सुविधा हेतु नाईट लैंडिंग की सुविधा विकसित करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को ₹ 136.00 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई थी । नाईट लैंडिंग हेतु लाईटिंग कार्य पूर्ण हो चुका है । साथ ही एयरपोर्ट में हैंगर एवं बाउज़र शेड निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है ।

**(4). <u>रायगढ़ हवाई पट्टी को 3C/4C केटेगरी के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की पहल</u> :–**

राज्य शासन द्वारा सलाहकार की रिपोर्ट से सहमत होकर रायगढ़ हवाई पट्टी को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ MoU कर 3C/4C केटेगरी एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है । एयरपोर्ट विकास के लिए भूमि अर्जन हेतु  100.00 करोड़ का बजट प्रावधान राज्य खनिज विकास निधि से किया गया है । भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही जारी है । MoU अनुसार शीघ्र ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा एयरपोर्ट उन्नयन कार्य प्रारम्भ किया जाना है।

**(5). <u>बिलासपुर (चकरभाटा) में हवाई पट्टी विकसित करने की पहल</u> :–**

बिलासपुर (चकरभाटा) में सैन्य छावनी एवं रक्षा उड़ान बेस की स्थापना सैन्य विभाग द्वारा किया जाना हैं। इसके लिए राज्य शासन द्वारा सेना को हवाई पट्टी क्षेत्र सहित भूमि का हस्तांतरण किया जा रहा है, जिस पर राज्य शासन एवं सेना के मध्य एक MoU का निष्पादन होना है ताकि राज्य शासन का हित बना रहे एवं भावी सिविल उड़ान बाधित न हो । यहॉ से सिविल उड़ान की सुविधा को दृष्टिगत करते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सिविल एनक्लेव निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना है जिस हेतु पृथक से संलग्न भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

## <u>भाग – 3</u>

राज्य में विमानन विभाग के अधीन वर्तमान में कोई केन्द्र प्रवर्तित योजना संचालित नहीं है एवं कोई जांच कमेटी या अध्ययन कमेटी गठित नहीं की गई है ।

**1. <u>छत्तीसगढ़ का Perspective Civil Aviation Plan तैयार कराने का कार्य</u> :–**

सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन, मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त सुझावों अनुसार राज्य में वायु यातायात को विकसित करने हेतु छत्तीसगढ़ के Civil Aviation का State Perspective Plan तैयार कराया गया है । सलाहकार की रिपोर्ट के अनुसार रायगढ, अम्बिकापुर, बिलासपुर , जगदलपुर एवं कोरबा में वायु सेवाओं हेतु काफी सम्भावनायें है। प्लान अनुसार इन शहरों में पूर्व स्थित हवाई पट्टी का उन्नयन कर एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है ताकि इन शहरों से विमान सेवा प्रारंभ किया जा सके।

**2. <u>एयरपोर्ट लायसेन्स लेने हेतु सर्वे एवं डॉक्यूमेंट तैयार कराने का कार्य</u> :–**

छत्तीसगढ़ राज्य में वायु यातायात की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 07 हवाई अड्डों (एयर स्ट्रीप) 1. अम्बिकापुर (दरिमा) 2. रायगढ़ (कोड़ातराई) 3. जगदलपुर 4. जशपुर (आगाडीह) 5. कोरबा 6. भिलाई एवं 7. बिलासपुर ( चकरभाठा) को DGCA के मापदण्ड के अनुरूप सुधारने एवं लायसेंस प्राप्त करने के उद्देश्य से सलाहकार नियुक्त कर कार्य पूर्ण कराया गया । इसके अंतर्गत विभिन्न मैनुअल तैयार कराये गये हैं।

## 3. सिविल एविएशन ड्राफ्ट पॉलिसी में राज्य से सुझाव :–

केन्द्र सरकार के नए उड्डयन नीति में रिजनल कनेक्टिविटी योजना पर राज्यों से सुझाव मांगे गए थें। विभाग ने केन्द्र सरकार को रिज़नल कनेक्टिविटी स्कीम में निम्नलिखित प्रमुख सुझाव सिविल एविएशन पॉलिसी में सम्मिलित करने के लिये दिये है :–

1. सरकार द्वारा टियर II/III शहरों को जोड़ने के लिये छोटे विमानों के निर्माण, आयात पर लागू नियमों में सुधार कर इसको प्रोत्साहन दिया जाय, विभिन्न करों में छूट दी जाय, इस व्यवसाय में होने वाले व्यय पर आयकर से छूट की समय–सीमा का निर्धारण किया जाय, इससे जुड़े संधारण सुविधा कार्य को वित्तीय सुविधा उपब्ध करायी जाय एवं, ATF पर वैट का दर कम किया जाय।
2. इस योजना के सफल संचालन से सम्बन्धित सारे कार्यो के निर्धारण के लिए निचले स्तर से कार्यकारी एवं निर्णयात्मक स्तर तक e-Governance का माध्यम होना चाहिये।
3. इस प्रकार की सेवाएं देने वाली कम्पनियों को सुनिश्चित स्थानों के बीच अधिक उड़ान, अधिक लैंडिंग, अधिक पैसेन्जर आदि के आधार पर विभिन्न प्रोत्साहन देना चाहियें। इससे टियर II/III क्षेत्रों में आर्थिक विकास तेज होगा ।
4. इस स्कीम के अन्तर्गत शहरों का चुनाव मात्र व्यावसायिक लाभ के आधार पर ही न हो । उन शहरों को इसमें जोड़ा जाये जिनसे लगे क्षेत्रों का विकास अन्य कारणों से किया जाना आवश्यक है । जैसे :– बस्तर से जगदलपुर ।
5. इस कार्य के लिये उपलब्ध हवाई पट्टी के विकास का चुनाव चरणबद्ध रूप से किया जाय ।

सुझावों में मुख्य रूप से विमानन सुविधाओं के विकास हेतु निर्माण एवं संधारण सुविधाओं के विकास पर बल दिया गया है साथ ही सम्बन्धित उपकरणों के आयात पर टैक्स छूट के प्रावधान, भूमि अधिग्रहण में सहायता, टैक्स छूट में समय–सीमा निर्धारण आदि शामिल किया गया।

## 4 UDAN – उड़े देश का आम नागरिक योजना–

नवीन केन्द्रीय विमानन नीति–2016 अन्तर्गत **रिज़नल कनेक्टिविटी (UDAN – उड़े देश का आम नागरिक) योजना** जिसके अनुसार राज्यों में Unserved/Under Served एयरपोर्ट में आधारभूत सुविधाओं का विकास कर, इनके लायसेंसिंग उपरान्त विमानन सेवा प्रारम्भ कर नागरिकों को सस्ते दर पर विमान सुविधा उपलब्ध कराये जाने की योजना है हेतु राज्य मंत्री परिषद् के अनुमोदन उपरान्त केन्द्र सरकार व राज्य शासन तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य दिनांक 09.09.2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।



**केन्द्र सरकार, AAI के साथ रिज़नल कनेक्टिविटी हेतु MoU पर हस्ताक्षर दिनांक 09.09.2016**

योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु MoU की शर्तानुसार राज्य सरकार को राज्य में वायु उड़ान सेवा प्रारम्भ करने आधारभूत वायु सुविधाओं के विकास सहित कुछ प्रतिबद्धताओं का अनुपालन किया जाना है जिसके अनुसार योजना हेतु वायु सेवा प्रदाता कम्पनियों को निम्नलिखित सुविधाएं दी जानी होंगी :–

i. योजनांतर्गत उड़ान की दूरी/समय के अनुसार आम नागरिक हेतु किराया दर में छूट देते हुए विमान/हेलीकॉप्टर यात्रा के किराए की न्यूनतम दरों का निर्धारण किया गया है। किराये की दर में दिए जाने वाले इस छूट के कारण वायु सेवा प्रदाता कम्पनी को होने वाली क्षति की पूर्ति किया जाना होगा जिसके लिए Viability Gap Fund का प्रावधान किया गया है। इस फण्ड में केन्द्र सरकार की देयता 80% व राज्य सरकार की देयता 20% होगी ।

ii. राज्य में योजना अंतर्गत संचालित उड़ान हेतु क्रय किये जाने वाले ATF पर VAT का दर आगामी 10 वर्षों के लिए अधिकतम 1% निर्धारित करना होगा ।

iii. राज्य में RCS एयरपोर्ट के विकास/विस्तार हेतु आवश्यक भूमि निःशुल्क राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी ।

iv. राज्य शासन को राज्य के RCS एयरपोर्ट तक पहुंच सुगम बनाने हेतु Multi-Modal Hinterland Connectivity (सड़क, रेलमार्ग, मेट्रो, जलमार्ग इत्यादि) सुविधा विकसित करना होगा ।

v. राज्य सरकार को वायु सेवा प्रदाता कम्पनियों को RCS एयरपोर्ट के निःशुल्क प्रयोग के साथ ही निःशुल्क सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा उपलब्ध कराना होगा ।

vi. राज्य सरकार वायु सेवा प्रदाता कम्पनियों को RCS एयरपोर्ट में न्यूनतम दर पर विद्युत, जल एवं अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायेगी ।

MoU के विभिन्न बिन्दुओं के अनुपालन हेतु विभिन्न विभागों से सहयोग अपेक्षित होने पर संबंधित विभागों द्वारा सहमति दी गयी है तथा इसकी अधिसूचना जारी किया जाना प्रस्तावित है।

**केन्द्र द्वारा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य हेतु चयनित RCS एयरपोर्ट निम्नानुसार है**

| | |
|---|---|
| **जगदलपुर,** | **बिलासपुर (चकरभाठा)** |
| **रायगढ़ (कोण्डातराई)** | **अम्बिकापुर (दरिमा)** |
| **कोरबा** | **जशपुर नगर (आगाडीह)** |
| **रायपुर** | **रायगढ़ (जिन्दल)** |

चिन्हित किए गए स्थानों पर स्थित हवाई पट्टियों का विस्तार व उन्नयन कार्य किया जाकर सुरक्षा मानकों की पूर्ति कर केन्द्रीय नागरिक उडडन मंत्रालय से लायसेंन्स प्राप्त किया जाना है । इन हवाई पट्टियो के उन्नयन हेतु वर्ष 2017–18 के विभागीय बजट में राशि  80.00 करोड़ की मांग रखी गई है ।

**राज्य शासन द्वारा Regional Connectivity Scheme अन्तर्गत विमान सेवा प्रारम्भ करने हेतु चिन्हित किए गए वायु मार्ग**

a. रायपुर–बिलासपुर / रायगढ–अम्बिकापुर–रायपुर

b. विशाखापटनम / हैदराबाद–जगदलपुर–रायपुर / बिलासपुर–अम्बिकापुर–बनारस / रांची –रायपुर / जगदलपुर

c. जगदलपुर–रायपुर–भोपाल–नागपुर –रायपुर / जगदलपुर

राज्य में रिजनल कनेक्टिविटी योजना प्रारम्भ कर सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा समस्त प्रशासकीय कार्यवाही की जा रही है ।

## 5. ATF पर वाणिज्य कर :–

राज्य शासन द्वारा ATF पर वाणिज्यकर 25 % से घटाकर 4 % किया गया है। इससे रायपुर से आने–जाने वाली फ्लाईट की संख्या बढ़ी है तथा ATF की बिक्री भी बढ़ी है । जिसकी सराहना नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी की गई है एवं इसे दूसरे प्रदेशों के लिए अनुकरणीय बताया गया है । राज्य में रिज़नल कनेक्टिविटी योजना लागू करने हेतु ATF पर वाणिज्यकर 4 % से घटाकर 1 % किये जाने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है ।

## 6. बजट प्रावधान :–

वित्तीय वर्ष 2016–17 में विमानन संचालनालय के लिए बजट राशि  76.46 /– करोड़ तथा जगदलपुर एवं रायगढ़ एयरपोर्ट विकास हेतु राज्य खनिज विकास निधि से राशि  103.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसके विरूद्ध 31 जनवरी, 2016 तक बजट राशि  24.42 /– करोड़ का व्यय एवं जगदलपुर एयरपोर्ट विकास हेतु राज्य खनिज विकास निधि से राशि  10.00 करोड़ जारी किया जा चुका है। बजट की विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट–"द"** में संलग्न है।

**——00——**

(परिशिष्ट–"अ")

## पद संरचना की जानकारी (31.12.2016 की स्थिति में)

विभाग का नाम– विमानन विभाग

विभागाध्यक्ष का नाम– संचालक, विमानन
मांग संख्या– 65
मुख्य शीर्ष– 2052
उप मुख्य शीर्ष– 00
लघु शीर्ष– 091
योजना क्रमांक– 4043

| क्र. | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | नियमित सांख्येतर /संविदा | आकस्मिकता निधि स्थापना पद | कलेक्टर दर के पद | कुल स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | ग्रेड–पे | पे–बैंड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| **प्रशासनिक शाखा** | | | | | | | | | | | |
| 1 | संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | आई.ए.एस. वरिष्ठ वेतनमान | |
| 2 | उप संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 6600 | 15600–39100 |
| 3 | प्रशासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 5400 | 15600–39100 |
| 4 | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 5 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 2400 | 5200–20200 |
| 6 | स्टेना टायपिस्ट | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 1900 | 5200–20200 |
| 7 | लेखापाल | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 8 | सहायक ग्रेड–02 | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 9 | सहायक ग्रेड–03 | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 1900 | 5200–20200 |
| 10 | वाहन चालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750–7440 |
| 11 | भृत्य | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750–7440 |
| **तकनीकी शाखा** | | | | | | | | | | | |
| 12 | चीफ पायलट | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | – | 8900 | 37400–67000 |
| 13 | सीनियर पायलट, हेली | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | —— | 8900 | 37400–67000 |
| 14 | सीनियर पायलट, विमान | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | – | 8900 | 37400–67000 |
| 15 | पायलट विमान | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 16 | जूनियर पायलट विमान | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | – | 01 | 6600 | 15600–39100 |
| 17 | मुख्य अभियंता | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 18 | उप मुख्य अभियंता (रेडियो) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 8700 | 37400–67000 |
| 19 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (विमान) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 20 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (हेली.) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 21 | सहायक अभियंता (एयरक्राफ्ट) | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 22 | वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 23 | फोरमैन | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4400 | 9300–34800 |
| 24 | CAMO मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4400 | 9300–34800 |
| 25 | ऑपरेशन मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4300 | 9300–34800 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4300 | 9300—34800 |
| 27 | कनिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300—34800 |
| 28 | सीनियर मैके. (विमान) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 2800 | 5200—20200 |
| 29 | सीनियर मैके. (हेली) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 01 | 02 | 2800 | 5200—20200 |
| 30 | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 2400 | 5200—20200 |
| 31 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200—20200 |
| 32 | वाहन चालक | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 1900 | 5200—20200 |
| 33 | वाहन चालक कम क्लीनर | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 01 | 02 | 1800 | 5200—20200 |
| 34 | टूल ब्वाय | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 35 | चौकीदार | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 36 | माली | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | 01 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| 37 | स्वीपर | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | 02 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| **योग** | | **50** | **——** | **——** | **——** | **03** | **53** | **37** | **14** | | |

# विमानन संचालनालय में स्वीकृत उपलब्ध एवं रिक्त पदों का विवरण

## प्र   ाासकीय भााखा

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | भरे पद | रिक्त पद | नाम | नियुक्ति का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालक | 01 | 01 | –– | 1. श्री रजत कुमार, IAS | IAS संवर्ग |
| 2. | उप संचालक | 01 | –– | 01 | –– | राज्य प्रशासनिक /वित्त सेवा |
| 3. | प्र   ाासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | 01 | –– | 1. श्री अजय कुमार साण्डे (नियमित) | राज्य वित्त सेवा |
| 4. | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | –– | 01 | –– | कोष लेखा पेंशन से |
| 5. | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | 01 | 01 | 1. श्रीमती रेचल फ्रांसिस | प्रतिनियुक्ति |
| 6. | स्टेनो टायपिस्ट | 01 | 01 | –– | 1. श्री हेमन्त कुमार साहू | संविदा |
| 7. | लेखापाल | 01 | 01 | –– | 1. श्री व्ही0 एस0 क   यप | प्रतिनियुक्ति |
| 8. | सहायक ग्रेड–02 | 01 | –– | 01 | –– | –– |
| 9. | सहायक ग्रेड–03 | 03 | 03 | –– | 1. श्री मोहम्मद रफीक<br>2. श्री रूपेश केशरवानी<br>3. श्री सुरेन्द्र कुमार यादव | प्रतिनियुक्ति<br>नियमित<br>संविदा |
| 10. | वाहन चालक | 01 | 01 | –– | 1. श्री नंदराम साहू | प्रतिनियुक्ति |
| 11. | भृत्य | 01 | 01 | –– | 1. श्री चोवालाल यदु | प्रतिनियुक्ति |
| **योग** | | **14** | **10** | **04** | | |

## पायलट भााखा

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | भरे पद | नाम | नियुक्ति का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीफ पायलट | 01 | –– | 01 | 1. कैप्टन पंकज जायसवाल, | संविदा |
| 2. | सीनियर पायलट, हेलीकॉप्टर | 02 | –– | 02 | 1. कैप्टन एस0 पी0 एस0 सिसोदिया, सीनियर पायलट,<br>2. कैप्टन जी0 के0 पांडा, सीनियर पायलट | संविदा<br>संविदा |
| 3. | सीनियर पायलट, विमान | 02 | –– | 02 | 1. कैप्टन टी0 एस0 सोबती, सीनियर पायलट,<br>2. कैप्टन विरेन्द्र सिंह, सीनियर पायलट, | संविदा<br>संविदा |
| 4. | पायलट, विमान | 01 | –– | 01 | 1. कैप्टन मुनेष पंचोली, पायलट, | संविदा |
| 5. | जूनियर पायलट हेलीकॉप्टर | 01 | 01 | –– | –– | |
| **योग** | | **07** | **01** | **06** | | |

## तकनीकि भााखा

| क्र0 | पदनाम | स्वीकृत पद | रिक्त पद | भरे पद | नाम | नियुक्ति का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य अभियंता | 01 | 01 | —— | —— | —— |
| 2. | एयरक्राफ्ट मेटेनेंस अभियंता, हेलीकॉप्टर | 01 | —— | 01 | 1. श्री जी0 एस0 गोदारा, | संविदा |
| 3. | एयरक्राफ्ट मेटेनेंस अभियंता, विमान | 01 | —— | 01 | 1. श्री विष्णुकांत भार्मा, | संविदा |
| 4. | उप मुख्य अभियंता, रेडियो | 01 | —— | 01 | 1. श्रीमती रूचि गंगवार, | संविदा |
| 5. | सहायक अभियंता, एयरक्राफ्ट | 02 | 01 | 01 | 1. श्री भौलेष कुमार सिंह, | संविदा |
| 6. | वरिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | 01 | —— | —— | संविदा |
| 7. | फोरमैन | 01 | —— | 01 | 1. श्री आर.एम. डॉमनिक, | नियमित |
| 8. | CAMO मैनेजर | 01 | —— | 01 | 1. श्री हितेन्द्र कुमार, | संविदा |
| 9. | आपरे ान मैनेजर | 01 | 01 | —— | —— | संविदा |
| 8. | क्वालिटी कन्ट्रोल, मैनेजर | 01 | —— | 01 | 1. श्री निर्भय नारायण पाण्डेय | संविदा |
| 9. | कनिष्ट गुणवत्ता प्रबंधक (फ्यूल) | 01 | —— | 01 | 1. श्री अभिषेक पाण्डेय, | संविदा |
| 9. | सीनियर मैकेनिक, विमान | 03 | —— | 03 | 1. श्री निरंजन कुमार देव,<br>2. श्री नीरज कुमार,<br>3. श्री सत्यप्रका ा बघेल, | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| 10. | सीनियर मैकेनिक, हेलीकॉप्टर | 03 | 01 | 02 | 1. श्री कि ाोर कुमार अजीत,<br>2. श्री रोशन कुमार सिन्हा, | संविदा<br>संविदा |
| 11. | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर आपरेटर | 02 | 01 | 01 | 1. श्री संजय कुमार मंडावी, | संविदा |
| 12. | वाहन चालक | 03 | —— | 03 | 1. श्री टेकराम मनहरे,<br>2. श्री डोमनलाल साहू,<br>3. श्री योगेश्वर साय, | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| **क्र0** | **पदनाम** | **स्वीकृत पद** | **रिक्त पद** | **भरे पद** | **नाम** | **नियुक्ति का प्रकार** |
| 13. | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर | 01 | 01 | —— | —— | संविदा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ऑपरेटर | | | | | |
| 14. | वाहन चालक कम क्लीनर | 03 | —— | 03 | 1. श्री अनिल कुमार साहू,<br>2. श्री कल्याण सिंह<br>3. श्री संदीप लकड़ा | संविदा<br>संविदा<br>संविदा |
| 15. | टूल ब्वाय | 01 | —— | 01 | 1. श्री राजे ा कुमार भार्मा, | नियमित |
| 16. | चौकीदार | 01 | —— | 01 | 1. श्री रामनिवास मिश्रा, | प्रतिनियुक्ति |
| 17. | माली | 01 | —— | 01 | 1. श्री डी0 मल्ले ुराव, | कलेक्टर दर |
| 18. | स्वीपर | 02 | —— | 02 | 1. श्री बालाराम सेनापति,<br>2. श्री कालीचरण ध्रुव | कलेक्टर दर<br>कलेक्टर दर |
| **योग** | | **32** | **07** | **25** | | |
| **कुल योग** | | **53** | **12** | **41** | | |

## //छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलो में निर्मित पक्के हेलीपेड की ब्लॉकवार जानकारी//

| क्र0 | जिला | स्वीकृत हेलीपेड | ब्लॉक मुख्यालय जहां हेलीपेड निर्मित है | पूर्ण कार्य | अपूर्ण कार्य | ब्लॉक का नाम जहां कार्य अपूर्ण है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कांकेर | 05—ब्लाक | स्पोर्टस काम्पलेक्स कांकेर, भानुप्रतापपुर, पंखाजूर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़। | 05 | — | — |
| 02. | दन्तेवाड़ा | 05—ब्लाक | थाना कटेकल्याण, खेल मैदान बड़ेपनेड़ा, थाना कोन्टा, बचेली, छिन्दगढ़। | 05 | — | — |
| 03. | रायपुर | 05—ब्लाक | धरसीवा, बलौदाबाजार, बिलाईगढ़, गरियाबंद, देवभोग। | 04 | 01 | गरियाबंद |
| 04. | बिलासपुर | 05—ब्लाक | पेन्ड्रा, गौरेला, मुंगेली, रतनपुर महामाया, कोटा। | 02 | 03 | पेन्ड्रा, गौरेला, कोटा |
| 05. | कर्वधा | 05—ब्लाक | रेंगाखार, पंचराही, स. लोहारा, पंडरिया, चिल्फी हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर। | 05 | — | — |
| 06. | बीजापुर | 05—ब्लाक | गंगालूर, कोडेपाल, पेदाकोडेपाल, रेड्डी। | 04 | 01 | चिन्नाकोडेपाल, |
| 07. | दुर्ग | 05—ब्लाक | नवागढ़, बेमेतरा, साजा, बेरला, धमधा। | 01 | 04 | नवागढ़, बेमेतरा, साजा, बेरला |
| 08. | राजनांदगांव | 05—ब्लाक | औंधी, सीतागांव, मदनबाड़ा, खड़गॉव, मोहला। | 05 | — | — |
| 09. | जंजगीर—चांपा | 05—ब्लाक | पामगढ़, बलौदा, अकलतरा, जैजेपुर, बम्हनीडीह। | 05 | — | — |
| 10. | जशपुर | 05—ब्लाक | मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल। | 05 | — | — |
| 11. | कोरिया | 05—ब्लाक | बैकुण्ठपुर, सोनहत, भरतपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवा। | 05 | — | — |
| 12. | महासमुन्द | 04—ब्लाक | बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली। | 03 | 01 | बसना |
| 13. | धमतरी | 03—ब्लाक | कुरूद, मगरलोड, नगरी। | 03 | — | — |
| 14. | जगदलपुर | 03—ब्लाक | तोकापाल, बकावण्ड, भानपुरी। | 02 | 01 | भानपुरी |
| 15. | रायगढ़ | 05—ब्लाक | खरसिया, घरघोड़ा, लैलूंगा, धर्मजयगढ़, तमनार। | 05 | — | — |
| 16. | बीजापुर | 04—ब्लाक | पोस्ट रानी बादेली, थाना बंगापाल, थाना तोमनार । | 03 | 01 | पोस्ट रेड्डी |
| 17. | कांकेर (भानुप्रतापपुर) | 09—ब्लाक | मण्डागांव, बड़ेझडक्कटा, टेमरूपानी, चारगांव, उदनपुर, आमाबेड़ा, सिकसोड, संगम, एडका | 09 | — | — |
| | | **83 ब्लॉक** | | **71** | **12** | **12** |

## छत्तीसगढ़ राज्य के हवाई पट्टियों की सूची

| क्र. | जिला स्थान | रनवे की दिशा | रनवे की लंबाई (फिट में) | हवाई पट्टियों की समुद्र तल से उंचाई (फुट में) | हवाई पट्टियों के अक्षांश–देशांश | स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अंबिकापुर (दरिमा) | 16/34 | 5330'x50' | 1900' | उत्तर–2259.50<br>पूर्व–08311.66 | राज्य शासन |
| 2 | बिलासपुर (चकरभाठा) | 17/35 | 5290'x50' | 900' | उत्तर–2159.64<br>पूर्व–08206.88 | राज्य शासन |
| 3 | भिलाई (नंदिनी) | 05/23 | 4500'x100' | 900' | उत्तर–2118.00<br>पूर्व–08123.00 | स्टील अथारिटी आफ इंडिया NCC के उपयोग में |
| 4 | जगदलपुर | 06/24 | 5575'x100' | 1800' | उत्तर–1904.49<br>पूर्व–08202.25 | राज्य शासन |
| 5 | जशपुरनगर (आगाडीह) | 09/27 | 4000'x100' | 2400' | उत्तर–2255.55<br>पूर्व–08413.87 | राज्य शासन |
| 6 | रायगढ़ (कोड़ातराई) | 12/30 | 4000'x50' | 800' | उत्तर–2149.20<br>पूर्व–08321.49 | राज्य शासन |
| 7 | कोरबा | 18/36 | 3500'x50' | 1000' | उत्तर–2224.79<br>पूर्व–08243.16 | छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल का स्वामित्व<br>संधारण दायित्व बाल्को को |
| 8 | रायगढ़ (जिन्दल) | 10/28 | 6600'x100' | 800' | उत्तर–2156.30<br>पूर्व–08320.23 | प्रायवेट जिन्दल ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज |
| 9 | बलरामपुर | 9/27 | 4000'x100' | 2400' | उत्तर–2255.55<br>पूर्व–08413.87 | राज्य शासन |

## वित्तीय वर्ष 2015–16 का स्वीकृत बजट
## व्यय एवं शेष राशि का विवरण 31.01.2016 की स्थिति में

परिशिष्ट – ''द''
(राशि हजारों में)

**विमानन संचालानलय**
**केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन, मंत्रालय, रायपुर (छ0ग0)**

मांग संख्या 65 विस्तृत लेखा 1 राजस्व अनुभाग 2052
सचिवालय सामान्य सेवाएं 091 संबंध कार्यालय
45– विमानन विभाग
4502–संचालक, विमानन — माह–जनवरी, 2017

| क्र. | मद | बजट 2015–16 में आबंटन राशि | पुर्ननियोजन | पूर्व में व्यय | वर्तमान व्यय | कुल व्यय | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **# 01 वेतन भत्ते आदि** | | | | | | |
| 1 | 001 वेतन | 47255000 | | 29576127 | 2902237 | 32478364 | 14776636 |
| 2 | 002 महंगाई वेतन | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | 003 महंगाई भत्ता | 3000000 | | 2153690 | 188590 | 2342280 | 657720 |
| 4 | 006 मकान किराया भत्ता | 300000 | | 123943 | 11836 | 135779 | 164221 |
| 5 | 008 नगर क्षतिपूर्ति भत्ता | 20000 | | 7991 | 750 | 8741 | 11259 |
| 6 | 014 अन्य भत्ते | 900000 | | 141508 | 6218 | 147726 | 752274 |
| 7 | 015 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 72000 | | 0 | 0 | 0 | 72000 |
| 8 | 018 भविष्य निधि अंशदान | 180000 | | 136800 | 10800 | 147600 | 32400 |
| 9 | 020 त्यौहार अग्रिम | 72000 | | 0 | 0 | 0 | 72000 |
| 10 | 021 घटाईये वापसिया | –72000 | | 0 | 0 | 0 | &72000 |
| 11 | 022 अनाज अग्रिम | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 12 | 023 घटाईये वापसिया | –10000 | | 0 | 0 | 0 | &10000 |
| 13 | 024 चिकित्सा अग्रिम | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | 025 घटाइये वापसियां | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग उददेश्य # 01** | **51727000** | | **32140059** | **3120431** | **35260490** | **16466510** |
| | **# 02 मजदूरी** | | | | | | |
| 15 | 004 अन्य आकस्मिक मजदूरी | 500000 | | 331545 | 37678 | 369223 | 130777 |
| | **# 03 यात्रा भत्ता** | | | | | 0 | |
| 16 | 001 यात्रा भत्ता दौरे आदि पर | 950000 | | 660703 | 240221 | 900924 | 49076 |
| | **# 04 कार्यालय व्यय** | | | | | 0 | |
| 17 | 001 डाक तार पर व्यय | 20000 | | 20000 | 0 | 20000 | 0 |
| 18 | 002 दूरभाष पर व्यय | 200000 | | 95562 | 9318 | 104880 | 95120 |
| 19 | 003 फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण | 200000 | | 85170 | 0 | 85170 | 114830 |
| 20 | 004 पुस्तकें एवं नियतकालिक पत्रिकाए | 50000 | | 3371 | 750 | 4121 | 45879 |
| 21 | 005 बिजली एवं जल प्रभार | 1100000 | | 589484 | 62820 | 652304 | 447696 |
| 22 | 006 वर्दियां | 15000 | | 9460 | 0 | 9460 | 5540 |
| 23 | 007 लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपायी | 135000 | | 65332 | 36210 | 101542 | 33458 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 008 अन्य आकस्मिक व्यय | 45000000 | +8000000 +15000000 द्वितीय अनुपूरक + 50000000 | 82625803 | 19191135 | 101816938 | 16183062 |
| 25 | 009 सूचना प्रौद्योगिकी | 100000 | | 0 | 0 | 0 | 100000 |
| 26 | 011 पेट्रोल तेल आदि पर व्यय | 20000000 | –8000000 | 7214172 | 866370 | 8080542 | 3919458 |
| 27 | 013 किराया महसूल कर | 2000000 | | 965401 | 0 | 965401 | 1034599 |
| 28 | **योग उददेश्य # 04** | **118820000** | | **91673755** | **20166603** | **111840358** | **21979642** |
| | **# 10 व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियॉं** | | | | | | |
| 29 | 003 परामर्श सेवायें | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 30 | 009 विशेष सेवायें हेतु व्यय | 40010000 | | 39950303 | 0 | 39950303 | 59697 |
| | **# 13 आर्थिक सहायता** | | | | | | |
| 31 | 001 प्रत्यक्ष सहायता | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 32 | **# 15 डिक्री धन का भुगतान (भारित)** | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 33 | **# 24 अनुरक्षण कार्य** | | | | | | |
| | 001 मोटर गाड़ी अनुरक्षण कार्य | 100000 | | 91359 | 1875 | 93234 | 6766 |
| | 012 अन्य अनुरक्षण कार्य | 40000000 | | 21085829 | 0 | 21085829 | 18914171 |
| | **# 27 लघु निर्माण कार्य** | | | | | | |
| 34 | 006 अन्य लघु निर्माण कार्य | 2500000 | | 2029145 | 0 | 2029145 | 470855 |
| | **# 28 मशीन और उपकरण** | | | | | | |
| 35 | 005 वायुयान के पूर्जें | 50000000 | –15000000 | 14302151 | 3531836 | 17833987 | 17166013 |
| 36 | 006 मशीन एवं उपकरण | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **# 31 क्षतिपूर्ति** | | | | | | |
| 37 | 002 अधिग्रहित भूमि मुआवजा | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| | **# 34 वाहनों का क्रय** | | | | | | |
| 38 | 002 भारी वाहन | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 39 | 003 हल्का वाहन | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| | **कुल योग दत्तमत्त** | **304657000** | | **202264849** | **27098644** | **229363493** | **75293507** |
| | **भारित** | **10000** | | **0** | **0** | **0** | **10000** |
| 40 | **# 65–5053–02–102–0101–4727–31(आयोजना मद)** | | | | | | |
| | 002 अधिग्रहित भूमि मुआवज़ा | 460000000 | | **0** | **14904936** | **0** | **445095064** |
| | **महायोग** | **764667000** | | **202264849** | **42003580** | **244268429** | **520388571** |

**टीपः– वर्ष 2016–17 के बजट में जगदलपुर तथा रायगढ़ (कोड़ातराई) एयरपोर्ट विकास हेतु राज्य खनिज विकास निधि से राशि  103.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा जनवरी, 2017 की स्थिति में प्रावधानित बजट से राशि  10.00 करोड़ विमानन विभाग को सौंपा गया है ।**

## सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन विभाग में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।

| क्र. | नियुक्त अधिकारी का नाम | पदनाम | दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत कुमार<br>अपीलीय अधिकारी | संयुक्त सचिव | 2511544<br>4224205 |
| 2. | श्री अब्बास खान<br>जनसूचना अधिकारी | अवर सचिव | 2510081 |
| 3. | श्री मनोहर झमटानी<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | अनुभाग अधिकारी | 9993731805 |

## सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन संचालनालय में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।

| क्र. | नियुक्त अधिकारी का नाम | पदनाम | दूरभाष क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत कुमार<br>अपीलीय अधिकारी | संचालक | 2511544<br>4224205 |
| 2. | श्री अजय कुमार साण्डे<br>जनसूचना अधिकारी | प्रशासकीय अधिकारी | 2510172 |
| 3. | श्री आर0 एम0 डॉमनिक<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | फोरमैन | 2274020<br>2423124 |